संख्या-01/2022/84/96-आयुष-2-2022-11(बी)/2019

प्रेषक,

लक्ष्मण सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
होम्योपैथी
उ0प्र0 लखनऊ।

आयुष अनुभाग-2 **लखनऊः दिनांक 12 जनवरी, 2022**

विषय- वित्तीय वर्ष 2021-22 में राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल प्रयागराज में निर्माणाधीन महिला छात्रावास, 04 लेक्चर हॉल के निर्माण एवं राजकीय डा0 बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल अयोध्या में विभागीय कक्ष एवं क्लासरूम के निर्माण के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-31/2021/4084/96-आयुष-2-2021-11(बी)/2019, दिनांक 23 दिसम्बर, 2021, पत्र संख्या-30/2021/3071/96-आयुष-2-2021-11(बी)/2019, दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 एवं पत्र संख्या-32/2021/4085/96-आयुष-2-2021-11(बी)/2019, दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल प्रयागराज में निर्माणाधीन महिला छात्रावास, 04 लेक्चर हॉल के निर्माण एवं राजकीय डा0 बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल अयोध्या में विभागीय कक्ष एवं क्लासरूम के निर्माण के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी थी। उक्त शासनादेशों के प्रस्तर-1 में लिपिकीय त्रुटिवश वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 के स्थान पर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-21 अंकित हो गया है।

2- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त शासनादेशों के प्रस्तर-1 में उल्लिखित वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-21 के स्थान पर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 पढा व समझा जाय। उक्त शासनादेश शेष यथावत् रहेंगें।

भवदीय
लक्ष्मण सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-01/2022/84(1)/96-आयुष-2-2022-तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, होम्योपैथिक निदेशालय, लखनऊ।
3- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- प्राचार्य, राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, प्रयागराज।
5- प्राचार्य, राजकीय डा0 बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल अयोध्या।
6- प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
लक्ष्मण सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in